Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Singh Shri Ganesh

Title : Regarding the death and casualities due to train accident in Jabalpur division of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के जबलपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशन खुटहा में मनिकपुर से सतना की ओर जाने वाली डीएमयू गाड़ी में दिनांक 18 अगस्त 2005 को चढ़ते वक्त दोपहर 11 बजे सतना से मानिकपुर की ओर जाने वाली माल गाड़ी पैसेन्जरों को रौंदते हुए आगे निकल गई और उसके इंजन के आगे लगे बैरियर पर एक 7 वर्षीय लड़की की लाश 70 किलोमीटर दूर डमौरा रेलवे स्टेशन में मिली। घटनास्थल तथा अस्पताल में अब तक पांच लोगों की मृत्यु हो गयी है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनके हाथ-पांव का पता नहीं है। खुटहा रेलवे स्टेशन से डमौरा के बीच 5 स्टेशन पड़ते हैं तब भी किसी ने ट्रेन में लिपटी लाश को नहीं देखा यह आश्चर्य है।

अध्यक्ष महोदय, मैंने घटनास्थल तथा पीड़ित परिवारों से जाकर मुलाकात की है। यह जानकर आपको आश्चर्य होगा कि रेलवे प्रशासन की ओर से कल दिनांक 23 अगस्त 2005 तक किसी भी पीड़ित परिवार को एक रूपये की भी मदद नहीं दी गई है।

उक्त एक्सीडेंट को रोका जा सकता था। डीएमयू गाड़ी में पांच डिब्बे हैं और उसमें स्थानीय पैसेंजरों की बड़ी भीड़ होती है। स्टेशन के अंदर दोनों रेल लाइनों के बीच में कोई प्लेटफार्म नहीं है। इसलिए गाड़ी में प्रायः यात्री दोनों तरफ से चढ़ते उतरते हैं। इसलिए यह हादसा हुआ है। यदि स्टेशन मास्टर चाहते तो मालगाड़ी को रोक सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, इसीलिए यह हादसा हुआ।

अध्यक्ष महोदय, मेरा मानना है कि यह हादसा रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही के चलते हुआ है। अभी तक रेल प्रशासन ने उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच नहीं की है। मेरी मांग है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवायी जाए तथा घटना में मारे गए लोगों के प्रत्येक परिवार को कम से कम पांच-पांच लाख रूपये की तथा घायलों को एक-एक लाख रूपये की मदद तत्काल दी जाए।

साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए खुटहा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म को अपग्रेड किया जाए तथा डीएमयू गाड़ी में डिब्बे बढ़ाए जाएं साथ ही उक्त स्टेशन में अन्य सभी पैसेंजर गाड़ियों को रोका जाए।

MR. SPEAKER: 'Zero Hour' will continue up to 2 o'clock. From 2 o'clock onwards, we will have the Private Members' Business. Please cooperate. Shri Devegowda wants to raise an important issue. All matters are important. I am not saying that other matters are not important. He wanted to raise a very important matter.